NORTH EX PUBLIC SCHOOL

(Senior Secondary, Affiliated To CBSE)

School Block, Jain Nagar, Sector- 38, Rohini, Delhi-81)

MOCK TEST (2020-2021)

CLASS X

HINDI

निर्धारित समय-3 घंटे अधिकतम अंक-80

सामान्य निर्देश-

1.इस प्रश्न पत्र के दो खंड हैं-खंड अ और ब

2.खंड अ में कुल 9 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं। सभी प्रश्नों के उप प्रश्न दिए गए हैं। दिए गए प्रश्नों का पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

3. खंड ब में कुल 8 वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं। प्रश्नों के आंतरिक विकल्प दिए गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

## खंड अ-वस्तुपरक प्रश्न

प्रश्न1. निम्नलिखित में से किसी एक गद्यांश के उत्तर दीजिए- (5x1=5)

वर्तमान युग कंप्यूटर युग है। यदि भारतवर्ष पर नजर दौड़ा कर देखें तो हम पाएंगे कि जीवन के लगभग सभी क्षेत्रों में कंप्यूटर का प्रवेश हो गया है।बैंक, रेलवे-स्टेशन, हवाई-अड्डे डाकखाने,बड़े-बड़े उद्योग-कारखाने, व्यवसाय हिसाब-किताब,रुपए गिनने तक की मशीनें कंप्यूटरीकृत हो गई है। अब भी यह कंप्यूटर का प्रारंभिक प्रयोग है। आने वाला समय इसके विस्तृत फैलाव का संकेत दे रहा है।प्रश्न उठता है कि क्या कंप्यूटर आज की जरूरत है?इसका उत्तर है-कंप्यूटर जीवन की मूलभूत अनिवार्य वस्तु तो नहीं है किंतु , इसके बिना आज की दुनिया अधूरी जान पड़ती है। सांसारिक गतिविधियों, परिवहन और संचार उपकरणों आदि का ऐसा विस्तार हो गया है कि उन्हें सुचारू रूप से चलाना अत्यंत कठिन होता जा रहा है।

पहले मनुष्य जीवन-भर में अगर सौ लोगों के संपर्क में आता था तो आज वह दो हज़ार लोगों के संपर्क में आता है। पहले दिन में पांच-दस लोगों से मिलता था तो आज पचास- सौ लोगों से मिलता है। पहले वह दिन में काम करता था तो आज रात में भी व्यस्त रहती हैं। आज व्यक्ति के संपर्क बढ़ रहे हैं, व्यापार बढ़ रहे हैं, गतिविधियां बढ़ रही हैं,

आकांक्षाएं बढ़ रही हैं, साधन बढ़ रहे हैं। इस अनियंत्रित गति को सुव्यवस्था देने की समस्या आज की प्रमुख समस्या है। कहते हैं आवश्यकता आविष्कार की जननी है। इस आवश्यकता ने अपने अनुसार निदान ढूंढ लिया है।

कंप्यूटर एक ऐसी स्वचालित प्रणाली है जो कैसी भी अव्यवस्था को व्यवस्था में बदल सकती है। हड़बड़ी में होने वाले मानवीय भूलों के लिए कंप्यूटर रामबाण औषधि है । क्रिकेट के मैदान में अंपायर की निर्णायक भूमिका हो या लाखों-करोड़ों की लंबी-लंबी गणनाएं कंप्यूटर पलक झपकते ही आपकी समस्या हल कर सकता है। पहले इन कामों को करने वाले कर्मचारी हड़बड़ा कर काम करते थे, एक भूल से घबराकर और अधिक गड़बड़ी करते थे। परिणाम स्वरूप काम कम, तनाव अधिक होता था। अब कंप्यूटर की सहायता से काफी सुविधा हो गई है।

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चुनाव कीजिए-

(1) वर्तमान युग कंप्यूटर का युग क्यों है?

I कंप्यूटर के बिना जीवन की कल्पना असंभव है।

II कंप्यूटर ने पूरे विश्व के लोगों को जोड़ दिया है।

III कंप्यूटर जीवन की अनिवार्य मूलभूत वस्तु बन गया है।

IV कंप्यूटर मानव सभ्यता के सभी अंगो का अभिन्न अवयव बन चुका है।

(2) कंप्यूटर के महत्व के विषय में कौन-सा विकल्प सही है?

I कंप्यूटर काम के तनाव को समाप्त करने का उपाय है।

II कंप्यूटर कई मानवीय भूलों को निर्णायक रूप में सुधार देता है।

III कंप्यूटर के आने से सारी हड़बड़ाहट दूर हो गई है।

IV मानव की सारी समस्याओं का हल कंप्यूटर से संभव है।

(3) किस आवश्यकता ने कंप्यूटर में अपना निदान ढूंढ लिया है?

I अनियंत्रित कर्मचारियों को अनुशासित करने की।

II अनियंत्रित गति को सुव्यवस्था देने की।

III अधिक से अधिक लोगों से जुड़ जन-जागरण लाने की।

IV अधिक से अधिक कार्य कभी भी व कहीं भी करने की।

(4) कंप्यूटर के प्रयोग से पहले अधिक तनाव क्यों होता था?

I लंबी-लंबी गणनाएं करनी पड़ती थी।

II गलतियों के डर से कर्मचारी घबराए रहते थे।

III क्रिकेट मैचों में गलत निर्णय का खतरा रहता था।

IV मानवीय भूलों के कारण बड़ी दुर्घटनाएं होती थीं।

(5) कंप्यूटर के बिना आज के दुनिया अधूरी है क्योंकि-

I सारी व्यवस्था, उपकरण और मशीनें कंप्यूटरीकृत हैं।

II कंप्यूटर ही मानव एकीकरण का आधार है।

III कंप्यूटर ने सारी प्रक्रियाएं आसान बना दी हैं।

IV कंप्यूटर द्वारा मानव सभ्यता अधिक समर्थ हो गई है।

अथवा

पाठक आमतौर पर रूढ़िवादी होते हैं, वे सामान्यतः साहित्य में अपनी स्थापित मर्यादाओं की स्वीकृति या एक स्वप्न-जगत में पलायन चाहते हैं। साहित्य एक झटके में उन्हें अपने आसपास के उस जीवन के प्रति सचेत करता है, जिससे उन्होंने आंखें मूंद रखी थी। शुतुरमुर्ग अफ्रीका के रेगिस्तान में नहीं मिलते; वह हर जगह बहुतायत में उपलब्ध हैं। प्रौद्योगिकी के इस दौर का नतीजा जीवन के हर गोशे में नकद फसल के लिए बढ़ता हुआ पागलपन है; और हमारे राजनीतिज्ञ, सत्ता के दलाल, व्यापारी, नौकरशाह-सभी लोगों को इस भगदड़ में नहीं पहुंचने, जैसा दूसरे करते हैं वैसा करने, चूहा दौड़ में शामिल होने और कुछ न कुछ हासिल कर लेने को जिए जा रहे हैं। हम थक कर सांस लेना और अपने चारों और निहारना, हवा के पेड़ में से गुजरते वक्त पत्तियों की मनहर लय-गतियों को और फूलों के जादुई रंगों को, फूली सरसों के चमकदार पीलेपन को, खिले मैदानों की घनी हरीतिमा को मर्मर ध्वनि के सौंदर्य, हिमाच्छादित शिखरों की भव्यता, समुद्र तट पर पछाड़ खाकर बिखरती हुई लहरों के घोष को देखना सुनना भूल गए हैं।

कुछ लोग सोचते हैं कि पश्चिम का आधुनिकतावाद और भारत तथा अधिकांश तीसरी दुनिया के नव औपनिवेशिक चिंतन के साथ अपनी जड़ों से अलगाव, व्यक्तिवादी अजनबियत मैं हमारा अनिवार्य बेलगाम धंसाव, अचेतन के बिंब, बौद्धिकता से विद्रोह, यह घोषणा कि दिमाग अपनी रस्सी के अंतिम सिरे पर है, यथार्थवाद का विध्वंस, काम का ऐंद्रिक सुख मात्र रह जाना और मानवीय भावनाओं का व्यवसायीकरण तथा निम्नस्तरीयकरण इस अंधी घाटी में आ फंसने की वजह है। लेकिन वे भूल जाते हैं कि आधुनिकीकरण इतिहास की एक सच्चाई है, कि नई समस्याओं को जन्म देने और विज्ञान को अधिक जटिल बनाने के बावजूद आधुनिकीकरण, एक तरह से, मानव जाति की नियति है।

मेरा सुझाव है कि विवेकहीन आधुनिकता के बावजूद आधुनिकता की दिशा में धैर्य पूर्वक सुयोजित प्रयास होने चाहिए। एक आलोचक किसी नाली में भी झांक सकता है, पर वह नाली-निरीक्षक नहीं होता। लेखक का कार्य दुनिया को बदलना नहीं, समझना है। साहित्य क्रांति नहीं करता; वह मनुष्य का दिमाग बदलता है और उन्हें क्रांति की आवश्यकता के प्रति जागरूक बनाता है।

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चुनाव कीजिए-

(1)गद्यांश में शुतुरमुर्ग की संज्ञा किसे दी गई है?

I लेखक, जो संसार को समझना चाहता है।

II राजनीतिज्ञ, जो अपने स्वार्थ साधना चाहता है।

III पाठक, जो सपनों की दुनिया में रहना चाहता है।

IV नौकरशाह, जो दूसरों जैसा बनने को होड़ में शामिल है।

(2) आधुनिकता की दिशा में सुयोजित प्रयास क्यों होने चाहिए?

I इससे जीवन सुगम हो जाएगा तथा मानव प्रकृति का आनंद ले सकेगा।

II नई समस्याओं को जन्म लेने के पहले ही रोका जा सकेगा।

III आधुनिक होने की प्रक्रिया सदा से मानव सभ्यता का अंग रही है।

IV इससे विज्ञान सरल हो अधिक मानव कल्याणी हो सकेगा।

(3)'नकद फसल के लिए बढ़ता हुआ पागलपन'से क्या तात्पर्य है?

I लोग तुरंत व अधिक से अधिक लाभ कमाना चाहते हैं।

II लोग प्रकृति को समय नहीं देना चाहते

III लोग थके हुए हैं पर विश्राम नहीं करना चाहते।

IV लोग भौतिकवादी तथा अमीर लोगों की नकल करना चाहते हैं।

(4) पाठक साहित्य से आमतौर पर क्या अपेक्षा रखते हैं?

I साहित्य को हमारे मन की बात कहनी चाहिए।

II साहित्य को संसार को यथावत समझना चाहिए।

III साहित्य तनाव कम करने वाला होना चाहिए।

IVसाहित्य को जीवन कौशलों व मूल्यों की शिक्षा देनी चाहिए।

(5) लेखक के अनुसार साहित्य क्या कार्य करने के लिए प्रेरित करता है?

I लोगों को यथार्थ से अवगत करा बदलाव के लिए।

II लोगों को जीवन की समस्याओं को भुला आगे बढ़ते जाने के लिए।

III लोगों को यथार्थवाद का विध्वंस करने के लिए।

IV लोगों को भावनाओं व ऐंद्रिक सुख से ऊपर उठ कार्य करने के लिए।

प्रश्न 2. निम्नलिखित में से किसी एक गद्यांश के उत्तर दीजिए-। (5x1=5)

पशु को बांधकर रखना पड़ता है, क्योंकि वह निरंकुश है। चाहे जहां-तहां चला जाता है, इधर उधर मुंह मार देता है। क्या मनुष्य को भी इसी प्रकार दूसरों का बंधन स्वीकार करना चाहिए? क्या इससे उसमें मनुष्य रह पाएगा। पशु के गले की रस्सी को एक हाथ में पकड़ कर और दूसरे हाथ में एक लकड़ी लेकर जहां चाहो वहां हांककर ले जाओ। जिन लोगों को इसी प्रकार हांके जाने का स्वभाव पड़ गया है, जिन्हें कोई भी जिधर चाहे ले जा सकता है, काम में लगा सकता है, उन्हें भी पशु ही कहा जाएगा। पशु को चाहे कितना मारो, चाहे कितना उसका अपमान करो, बाद में खाने को दे दो, वह पूंछ और कान हिलाने लगेगा। ऐसे नर- पशु भी बहुत से मिलेंगे जो कुचले जाने और अपमानित होने पर भी जरा-सी वस्तु मिलने पर चट संतुष्ट और प्रसन्न हो जाते हैं। कुत्ते को कितना भी ताड़ना देने के बाद उसके सामने एक टुकड़ा डाल दो, वह झट से मार-पीट को भूल कर उसे खाने लगेगा। यदि हम भी ऐसे ही हैं तो हम कौन हैं,इसे स्पष्ट कहने की आवश्यकता नहीं। पशुओं में भी कई पशु मार-पीट और अपमान को नहीं सहते। वे कई दिन तक निराहार रहते हैं, कई पशुओं ने तो प्राण त्याग दिए,ऐसा सुना जाता है। पर इस प्रकार के पशु मनुष्य कोटी के हैं, उनमें मनुष्यत्व का समावेश है, यदि ऐसा कहा जाए तो कोई अतिशयोक्ति न होगी।

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चुनाव कीजिए-

(1) कई पशुओं ने प्राण त्याग दिए क्योंकि-

I उन्हें विद्रोह करने की अपेक्षा प्राण त्यागना उचित लगा।

II उन्हें तिरस्कृत हो जीवन जीना उचित नहीं लगा।

III वह यह शिक्षा देना चाहते थे कि प्यार मारपीट से अधिक कारगर है।

IVवह यह दिखाना चाहते थे कि लोगों को उनकी आवश्यकता अधिक है ना कि उन्हें लोगों की।

(2) बंधन स्वीकार करने से मनुष्य पर क्या प्रभाव पड़ेंगे-

I मनुष्य सामाजिक और व्यक्तिगत रूप से कम स्वतंत्र हो जाएगा।

II मनुष्यत्व में व्यक्तिगत इच्छा व निर्णय का तत्व समाप्त हो जाएगा।

III मनुष्य बंधे हुए पशु समान हो जाएगा।

IV मनुष्य की निरंकुशता  में परिवर्तन हो जाएगा।

(3)मनुष्य को परिभाषित करने हेतु कौन-सा मूल्य अधिक महत्वपूर्ण है?

I स्वतंत्रता

II न्याय

III शांति

IV प्रेम

(4) गद्यांश के अनुसार कौन सी उद्घोषणा की जा सकती है?

I सभी पशुओं में मनुष्यत्व है।

II सभी मनुष्यों में पशु पशुत्व है।

III मानव के लिए बंधन आवश्यक नहीं है।

IV मान अपमान की भावना केवल मानव ही समझता है।

(5) गद्यांश में नर और पशु की तुलना किन बातों को लेकर की गई है?

I पिटने की क्षमता।

II पूंछ-कान आदि का हिलना।

III बंधन स्वीकार करना।

IV लकड़ी द्वारा हांके जाना।

अथवा

व्यक्ति चित्र सब समय आदर्शों द्वारा चालित नहीं होता। जितने बड़े पैमाने पर मनुष्य की उन्नति के विधान बनाए गए, उतनी ही मात्रा में लोग, मोह जैसे विकार भी विस्तृत होते गए, लक्ष्य की बात भूल गए, आदर्शों को मजाक का विषय बनाया गया और संयम को दकियानूसी मान लिया गया। परिणाम जो होना था, वह हो रहा है। यह कुछ थोड़े से

लोगों के बढ़ते हुए लोभ का नतीजा है,परंतु इससे भारतवर्ष के पुराने आदर्श और भी अधिक स्पष्ट रूप से महान और उपयोगी दिखाई देने लगे हैं।

भारतवर्ष सदा कानून को धर्म के रूप में देखता आ रहा है। आज एकाएक कानून और धर्म में अंतर कर दिया गया है। धर्म को धोखा नहीं दिया जा सकता, कानून को दिया जा सकता है। यही कारण है कि जो धर्म भीरु है, वे भी त्रुटियों से लाभ उठाने में संकोच नहीं करते।

इस बात के पर्याप्त प्रमाण खोजे जा सकते हैं कि समाज के ऊपरी वर्ग में चाहे जो भी होता रहा हो, भीतर-बाहर भारतवर्ष आप भी यह अनुभव कर रहा है कि धर्म कानून से बड़ी चीज है। अब भी सेवा , ईमानदारी , सच्चाई और आध्यात्मिकता के मूल्य बने हुए हैं। वह दब अवश्य गए हैं, लेकिन नष्ट नहीं हुए हैं। आज भी वह मनुष्य से प्रेम करता है, महिलाओं का सम्मान करता है, झूठ और चोरी को गलत समझता है, दूसरों को पीड़ा पहुंचाने को पाप समझता है।

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चुनाव कीजिए-

(1) मनुष्य ने आदर्शों को मजाक का विषय किस कारण बना लिया-

I कानून

II उन्नति

III लोभ

IV धर्मभीरुता

(2)धर्म एवं कानून के संदर्भ में भारत के विषय में कौन-सा कथन सबसे अधिक सही है-

I महिलाओं का सम्मान धर्म तो है, पर कानून नहीं है।

II धर्म और कानून दोनों को धोखा दिया जा सकता है।

III भले लोगों के लिए कानून नहीं चाहिए और बुरे इसकी परवाह नहीं करते हैं।

IV भारत का निचला वर्ग कदाचित अभी भी कानून को धर्म के रूप में देखता है।

(2) भारतवर्ष में सेवा और सच्चाई के मूल्य........ रेखा अंकित के लिए विकल्प छांटिए-

I मनुष्य की समाज पर निर्भरता में कमी होने के कारण इनमें ह्रास हुआ है।

II जीवन में उन्नति के बड़े पैमाने के कारण कहीं छिप-से गए हैं।

III न्यायालयों में कानून की सत्याभासी धाराओं में उलझ कर रह गए हैं।

IV परमार्थ के लिए जीवन की बाजी लगाने वाले यह सिद्ध करते हैं कि यह व्यक्ति के मन को अभी भी नियंत्रित कर रहे हैं।

(4)भारतवर्ष का बड़ा वर्ग बाहर-भीतर कदाचित क्या अनुभव कर रहा है?

I धर्म, कानून से बड़ी चीज है।

II कानून, धर्म से बड़ी चीज है।

III संयम अशक्त और आक्रमण ने लोगों के लिए है।

IV आदर्श और उसूलों से यथार्थ जीवन असंभव है।

(5) निम्नलिखित में से सर्वाधिक उपयुक्त शीर्षक का चयन कीजिए-

I उन्नति के संदर्भ में जीवन मूल्यों की प्रासंगिकता

II मानव चित के आकर्षण निवारण में आदर्शों की भूमिका

III समाज कल्याण हेतु धर्म और कानून का सहअस्तित्व

IV धार्मिक व सार्वभौमिक मूल्यों का एकीकरण

## व्यावहारिक व्याकरण

प्रश्न 3.निम्नलिखित पांच भागों में से किन्ही चार भागों के उत्तर दीजिए-. (4x1=4)

(1) ततांरा “बहुत” बलशाली भी था-रेखांकित पद है-

I संज्ञा पद

II सर्वनाम पद

III विशेषण पद

IV क्रिया पद

(2) वे मां से कहानी सुनते रहते हैं-वाक्य में क्रिया पदबंध है-

I वे मां से

II मां से कहानी

III सुनते रहते हैं

IV कहानी सुनते

(3) “घर के पीछे” लगा पेड़ गिर गया-रेखांकित पदबंध है-

I संज्ञा पदबंध

II क्रियापद पदबंध

III विशेषण पदबंध

IV क्रियाविशेषण पदबंध

(4) नदी तेज गति से “बह रही है” - पदबंध है-

I क्रिया पदबंध

II सर्वनाम पदबंध

III संज्ञा पदबंध

IV विशेषण पदबंध

(5) मैं “तेजी से दौड़ता हुआ” घर पहुंचा- पदबंध है-

I क्रिया विशेषण पदबंध

II विशेषण पदबंध

III संज्ञा पदबंध

IV क्रियापद पदबंध

प्रश्न 4. निम्नलिखित पांच भागों में से किन्हीं चार के उत्तर दीजिए-. (4x1=4)

(1) बच्चे आए हैं और खेल रहे है-

I मिश्र वाक्य

II सरल वाक्य

III सामान्य वाक्य

IV संयुक्त वाक्य

(2) राम घर गया। उसने मां को देखा। - का संयुक्त वाक्य बनेगा

I राम ने घर जाकर मां को देखा।

II राम घर गया और उसने मां को देखा।

III राम घर गया अतः उसने मां को देखा।

IV जब राम घर गया तब उसने मां को देखा।

(3) निम्नलिखित में मिश्र वाक्य है-

I चोर को देखकर सिपाही उसे पकड़ने दौड़ा।

II नेता जी भाषण देकर चले गए।

III सेठ जानता है कि नौकर इमानदार है।

IV उसने खाना खाया और सो गया।

(4) निम्नलिखित में संयुक्त वाक्य है-

I वह बाजार पुस्तक खरीदने गया।

IIवह बाजार से पुस्तक खरीद लाया।

III जब वह बाजार गया तब पुस्तक खरीद लाया।

IV वह बाजार गया और पुस्तक खरीद लाया।

(5) मिश्र वाक्य को संयुक्त वाक्य में या संयुक्त को सरल वाक्य में बदलने को कहते हैं-

I वाक्य निर्माण

II वाक्य रूपांतरण

III वाक्य प्रक्रिया

IV वाक्य विश्लेषण

प्रश्न 5.निम्नलिखित पांच भागों में से किन्ही चार भागों के उत्तर दीजिए-. (4x1=4)

(1) महावीर - शब्द में कौन-सा समास है-

I कर्मधारय

II द्विगु

III तत्पुरुष

IV अव्ययीभाव

(2) वनगमन - समस्त पद का विग्रह होगा-

I वन का गमन

II वन से गमन

III वन को गमन

IV वन और गमन

(3) पीठ है जो - अंबर का समस्त पद है-

I पितांबर

II पीतांबर

III पीतांबरा

IV पीला अंबर

(4) गुरुदक्षिणा - शब्द का सही विग्रह-

I गुरु से दक्षिणा

II गुरु का दक्षिणा

III गुरु की दक्षिणा

IV गुरु के लिए दक्षिणा

(5) दिनचर्या - का विग्रह है-

I दिन की चर्या

II दिन में आराम

III दिन में चलना

IV दिन भर खाना

प्रश्न6. निम्नलिखित चार भागों के उत्तर दीजिए-(4x1=4)

(1) पढ़ाई में मेहनत कर मैं........ हो सकता हूं।

I अंधों में काना राजा

II एक पंथ दो काज

III अपना हाथ जगन्नाथ

IV पैरों पर खड़ा होना

(2) विपत्ति में उसकी अक्ल............

I खो जाना

II ठनक जाना

III चकरा  जाना

IV आग बबूला हो जाना

(3) सच्चे शूरवीर देश की रक्षा में प्राणों की...........

I बाजी लगा देते हैं।

II जान लगा देते हैं।

III ताकत लगा देते हैं।

IV आहुति दे देते हैं।

(4) गरीब मां-बाप अपना.........कर बच्चों को पढ़ाते हैं और वे चिंता नहीं करते।

I गला काट

II पेट काट

III खून बहा

IV मन लगा

## पाठ्य-पुस्तक

प्रश्न 7. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए-. (4x1=4)

विचार लो कि मत्य हो ना मृत्यु से डरो कभी
मरो परंतु यों मरो की याद जो करें सभी।
हुई ना सुमृत्यु तो वृथा मरे वृथा जिए
मरा नहीं वही की जो जिया ना आपके लिए।
वही पशु प्रवृत्ति है कि आप आप ही चरें,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे
उसी उदार की कथा सरस्वती बखानती,
उसी उदार से धरा कृतार्थ भाव मानती।

उसी उदार की सदा सजीव कीर्ति कुजती
तथा उसी उदार को समस्त सृष्टि पूजती।

(1) क्या विचार करना चाहिए-

I सभी अमर हैं

II कुछ अमर हैं

III सभी नश्वर हैं

IV कुछ नश्वर हैं

(2) किस प्रकार मरना चाहिए-

I मरने के बाद सभी याद करें

II कोई याद ना करें

III मरने के बाद अच्छे कार्यों के लिए याद करें

IV बुरे कार्यों के लिए याद करें

(3) पशु प्रवृत्ति है-

I पशुओं के समान आदत

II पशुओं का खाना

III पशु का चारा

IV पशुओं का जाना

(4) सृष्टि किसे पूजती है-

I जो दूसरों को दुख पहुंचाता है

II जो अपने स्वार्थों की पूर्ति करता है

III जो परोपकार करता है

IV जो केवल अपने लिए जीता है

प्रश्न 8. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए-. (5x1=5)

हमारे जीवन की रफ्तार बढ़ गई है। यहां कोई चलता नहीं, बल्कि दौड़ता है। कोई बोलता नहीं, बकता है। हम जब अकेले पड़ते हैं, तब अपने आप से लगातार बड़बड़ाते हैं। अमेरिका से हम प्रतिस्पर्धा करने लगे हैं। 1 महीने में पूरा होने वाला काम 1 दिन में पूरा करने की कोशिश करने लगे हैं। वैसे भी दिमाग की रफ्तार हमेशा तेज ही रहती है। उसे स्पीड का इंजन लगाने पर वह हजार गुना अधिक रफ्तार से दौड़ने लगता है। फिर एक समय ऐसा आता है जब दिमाग का तनाव बढ़ जाता है और पूरा इंजन टूट जाता है। यही कारण है जिससे मानसिक रोग जहां बढ़ गए हैं।

अक्सर हम या तो गुजरे हुए दिनों की खट्टी-मीठी यादों में उलझे रहते हैं। हम या तो भूतकाल में रहते हैं या भविष्य काल में। असल में दोनों ही काल मिथ्या है। एक चला गया है , दूसरा आया ही नहीं है। हमारे सामने जो वर्तमान क्षण है, वही सत्य है। उसी में जीना चाहिए। चाय पीते-पीते उस दिन दिमाग से भूत और भविष्य दोनों ही काल उड़ गए थे। केवल वर्तमान क्षण सामने था और वह अनंत काल जितना विस्तृत था।

(1) मानसिक रोगों के बढ़ने का कारण क्या है-

I अमेरिका से प्रतिस्पर्धा करना

II तेज रफ्तार से दौड़ते दिमाग का तनाव

III सामर्थ्य से अधिक कार्य करने का दबाव

IV खट्टी-मीठी यादों में उलझे रहना

(2) जीवन की रफ्तार बढ़ने का अर्थ है-

I प्रतियोगी होना

II तीव्र गति से कार्य का निष्पादन करना

III दूसरों को हराना

IV जल्दी बूढ़ा होना

(3) दोनों ही काल मिथ्या है - इसका अर्थ है-

I समय सदा सत्य नहीं रहता

II दोनों ही काल झूठे हैं

III व्यक्ति का नियंत्रण केवल वर्तमान पर रहता है

IV व्यक्ति को खट्टी-मीठी यादों में नहीं रहना चाहिए

(4) दिमाग पर स्पीड का इंजन क्यों लगाया जाता है-

I अमेरिका से प्रतिस्पर्धा के लिए

II दौड़ने की गति बढ़ाने के लिए

III दिमाग की स्पीड बढ़ाने के लिए

IV दिमाग को तनावमुक्त रखने के लिए

(5) अनंत काल के विस्तृत होने का क्या कारण था-

I समय व्यतीत नहीं हो पाने के कारण

II लेखक के बोर होने के कारण

III लेखक केवल वर्तमान के बारे में ही सोचता रहा था

IV क्योंकि आकाश का दूसरा नाम अनंत है

प्रश्न 9. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए-. (5x1=5)

वामीरो के रुदन स्वरों को सुनकर उसकी मां वहां पहुंची और दोनों को देखकर आग बबूला हो उठी। सारे गांव वालों की उपस्थिति में यह दृश्य उसे अपमानजनक लगा। इस बीच गांव के कुछ लोग भी वहां पहुंच गए। वामीरो की मां क्रोध में उफन उठी। उसने तातांरा को तरह-तरह से अपमानित किया। गांव के लोग भी ततांरा के विरोध में आवाज उठाने लगे। यह ततांरा के लिए असहनीय था। वामीरो अब भी रोए जा

रही थी। ततांरा भी गुस्से से भर उठा। उसे जहां विवाह की निषेध परंपरा पर शक था वहीं अपनी असहायता पर खीज। वामीरो का दुख उसे और गहरा कर रहा था। उसे मालूम ना था कि क्या कदम उठाना चाहिए? अनायास उसका हाथ तलवार की मूठ पर जा टिका । क्रोध में उसने तलवार निकाली और कुछ विचार करता रहा। क्रोध लगातार अग्नि की तरह बढ़ रहा था।

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चुनाव कीजिए-

(1) क्रोध और अग्नि की तुलना क्यों की गई है-

I क्रोध और अग्नि दोनों ही बड़े गर्म होते हैं।

II क्रोध और अग्नि दोनों ही पर नियंत्रण कठिन है।

III ततांरा का स्वभाव बहुत गुस्से वाला था।

IV वामीरो की मां और ततांरा दोनों ही गुस्से में थे।

(2) ततांरा को गुस्सा क्यों आया-

I वामीरो की मां ने ततांरा से झगड़ा किया।

II उसे विवाह की निषेध परंपरा पर क्षोभ था।

III वामीरो अब विवाह के लिए तैयार ना थी।

IV वामीरो ने ततांरा की सहायता नहीं की।

(3)वामीरो की मां को दृश्य अपमानजनक क्यों लगा-

I मां को गांव के समक्ष अपमान महसूस हुआ।

II मां को वामीरो के लिए ततांरा पसंद नहीं था।

III मां गांव की परंपरा से बंधी थी।

IV मां वामीरो से बहुत प्यार करती थी।

(4)ततांरा-वामीरो कथा समाज की किस समस्या की ओर ध्यान इंगित कराती है-

I जाति प्रथा

II बेमेल विवाह

III विवाह के परंपरागत नियम

IV बाल विवाह

(3) आग बबूला हो उठने का क्या अर्थ है-

I अत्यधिक क्रोध आना

II आग की प्रचंड लपटों की तरह लहराना

III बच्चों के चिंता करना

IV बहुत परेशान हो उठना

खंड ब वर्णनात्मक प्रश्न

प्रश्न 10.निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 से 30 शब्दों में लिखिए-. (2x2=4)

(i) अंग्रेजों ने सआदत अली का साथ क्यों दिया?
(ii) बड़े भाई साहब ने किताबी ज्ञान व जीवन के अनुभव में से किसे महत्व दिया है?
(iii) दीपक दिखाई देने पर अंधियारा कैसे मिट जाता है?

प्रश्न 11. लिखित प्रश्न का उत्तर लगभग 60-70 शब्दों में लिखिए-

मनुष्यता कविता द्वारा कवि क्या संदेश देना चाहते हैं? (4)

प्रश्न 12. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 से 50 शब्दों में लिखिए- (2x3=6)

(i) सपनों के से दिन पाठ के आधार पर बताइए कि लेखक को स्कूल जाना पसंद क्यों नहीं था?

(ii) पीटी साहब की चारित्रिक विशेषताएं बताइए।

(iii) अनपढ़ होते हुए भी हरिहर काका दुनिया की बेहतर समझ रखते हैं- स्पष्ट कीजिए।

## लेखन भाग

प्रश्न 13. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए- (1x6=6)

1. राष्ट्रीय एकता

राष्ट्रीय एकता का अर्थ

राष्ट्रीयता की भावना

राष्ट्रीय एकता का अभाव और प्रभाव

2. आज के समाज में लड़कियों का स्थान

लड़का लड़की एक समान

पुरुष प्रधान समाज

आधुनिक विचार

3. जहां चाह वहां राह

कहावत का अर्थ

अपनी राह स्वयं बनाने की आवश्यकता

सफल लोगों के उदाहरण

प्रश्न 14. अपने क्षेत्र की साफ सफाई के लिए स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखिए।(1x5=5)

अथवा

अपने शहर में बढ़ते प्रदूषण पर चिंता व्यक्त करते हुए दैनिक समाचार पत्र के संपादक को पत्र लिखिए।

प्रश्न 15. आप रवि अरोड़ा, डीएवी विद्यालय के प्रधानाचार्य हैं, विद्यालय में वार्षिकोत्सव आयोजन होने वाला है इसके लिए लगभग 30 से 40 शब्दों में सूचना लिखिए।(1x5=5)

अथवा

आपके विद्यालय में नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। नाट्यशाला के अध्यक्ष की ओर से लगभग 30 से 40 शब्दों में सूचना लिखिए।

प्रश्न 16. आप अपने पुराने टीवी को बेचना चाहते हैं इसके लिए लगभग 30 से 40 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए। (1x5=5)

अथवा

आप अपना घर किराए पर देना चाहते हैं इसके लिए 30 से 40 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

प्रश्न 17. यदि मैं वृक्ष होता - विषय पर लगभग 120 शब्दों में एक लघु कथा लिखिए। (1x5=5)

अथवा

लालच बुरी बला विषय पर लगभग 120 शब्दों में एक लघु कथा लिखिए।